प्रेस के लिए सूचना पत्र (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 11/2021)

तुरंत जारी करने के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा द्वारा ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

नई दिल्ली, 12 मार्च, 2021 – भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने महाराष्ट्र के दूरसंचार एवं प्रसारण उपभोक्ताओं के लिए दिनांक 9 मार्च 2021 (मंगलवार) को अपने क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलुरू के जरिये ऑनलाइन उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया ।

2. भादूविप्रा के महत्वपूर्ण उद्देश्यों में से एक उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना और उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है। इस उद्देश्य के लिए, भादूविप्रा देश के विभिन्न हिस्सों में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित करता है। कोविड–19 महामारी से उत्पन्न वर्तमान स्थिति में, ऐसे कार्यक्रम ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें उपभोक्ता अपने घर, दुकान या कार्यालय में बैठकर शामिल हो सकते हैं।

3. इस कार्यक्रम में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूह (सीएजी) के प्रतिनिधियों, विभिन्न कॉलेजों के संकायों एवं छात्रों तथा अन्य हितधारकों ने भाग लिया ।

4. कार्यक्रम के दौरान, उपभोक्ताओं को दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न पहलुओं अर्थात टैरिफ, मूल्य वर्धित सेवाओं (वीएएस), डेटा सेवाओं, अनचाही वाणिज्यिक संचार (यूसीसी), मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी, शिकायत निवारण तंत्र, के संबंध में उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित किया गया था। उपभोक्ताओं को विभिन्न मोबाइल ऐप जैसे ट्राई माई–स्पीड ऐप, ट्राई माई–कॉल ऐप और डीएनडी 2.0 ऐप और उपभोक्ता इन ऐप/पोर्टल का लाभ कैसे उठा सकते हैं, के बारे में बताया गया, जो भादूविप्रा द्वारा उपभोक्ता सशक्तीकरण के लिए विकसित किए गए हैं । उपभोक्ताओं को विभिन्न धोखाधड़ी जैसे टॉवर धोखाधड़ी, आईएसडी नंबरों से मिस्ड कॉल के बारे में और इनसे सावधान रहने के उपायों के बारे में भी बताया गया। उपभोक्ताओं को प्रसारण एवं केबल सेवाओं में हाल में किए गए संशोधनों के बारे में भी बताया गया।

5. उपभोक्तओं के लाभ के लिए चैनल सलेक्शन ऐप के बारे में भी बताया गया, जिससे उपभोक्ता अपना सब्सक्रिप्शन देख सकते हैं, चैनल जोड़/हटा सकते हैं और अपनी पसंद को इष्टतम बना सकते हैं।

6. सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय, बैंगलोर ने 5जी टेक्नोलॉजी के बारे में भी बताया।

7. इंटरैक्टिव सत्रों के दौरान प्रतिभागियों के कई सवालों के जवाब दिए गए। उठाए गए मुद्दों में मोबाइल टॉवरों से उत्पन्न रेडिएशन को मापने, 5जी के लिए स्पैक्ट्रम, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा शिकायतों का समाधान आदि शामिल थे।

8. किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, श्री संजीव बंजाल, सलाहकार (सीए एवं आईटी), भादूविप्रा से टेलीफोन 011–23210990 या ईमेल आईडीः advisorit@trai.gov.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

17/3/2021

(एस. के. गुप्ता)
सचिव, भादूविप्रा